दैनिक जागरण 29/04/2023

## विद्यार्थियों ने आउटरिच गतिविधि में लिया भाग

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी के केमिस्ट्री विभाग, एसडीजी सेल और मैनेजमेंट डिपार्टमेंट की तरफ से कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त की अध्यक्षता में एक आउटरिच गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थी फरुखा खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला कैंट में पहुंचे। यहां फूड एडल्टरेशन के बारे में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य आज्ञा पाल सिंह के साथ 96 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. नेहा, डा. भारती, दीप्ति आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में बहुत से छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। (जासं)